पत्र सूचना कार्यालय (रक्षाविंग)
भारत सरकार
****
‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्लीःपौष 15,1944
वीरवारः 05 जनवरी 2023

अपतटीय सुरक्षा समन्वय समिति (ओएससीसी) की 134वीं बैठक

अपतटीय सुरक्षा समन्वय समिति (ओएससीसी) की 134वीं बैठक भारतीय तटरक्षक के महानिदेशक वी एस पठानिया की अध्यक्षता में 04 जनवरी 2023 को वाराणसी में आयोजित हुई। प्रतिभागियों ने भारत के अपतटीय प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की तैयारियों और कार्यसाधकता की समीक्षा की।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री पठानिया ने देश के अपतटीय ऊर्जा प्रतिष्ठानों और उनकी सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विरोधी बलों द्वारा हमले की संभावनासे इनकार नहीं किया जा सकता है, इसलिए ध्यान केंद्रित करने और हर समय कड़े अपतटीय सुरक्षा उपायों हेतु तैयार रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने आगाह किया कि एक फोरम के रूप में, ओएससीसी अपतटीय सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाले किसी भी कारक को अनदेखा करने का जोखिम नहीं उठा सकता और सभी हितधारकों को समन्वित और ठोस प्रयासों के साथ त्वरित प्रतिक्रिया के लिए पूरी तरह से तैयार रहना होगा।

एबीबी/डीएस